एंट्री-लेवल बाइक के रूप में लॉन्च हुई TVS की अपडेटेड Radeon, देखें इसकी पांच खासियत

Author: Ayushi Chaturvedi

Publish Date: Sat, 02 Jul 2022 03:44 PM (IST) | Updated Date: Sun, 03 Jul 2022 07:38 AM (IST)

TVS Radeon भारतीय बाजार में अपने कदम रख चुकी है। आपको बता दे कंपनी ने इस बाइक में कम कीमत के साथ कई बेहतरीन फीचर्स दिए हैं। अगर आप भी कम कीमत में एक अच्छी बाइक लेना चाहते है तो जान ले इस बाइक से जुड़ी कुछ जरुरी बातें।

नई दिल्ली, ऑटो डेस्क। TVS मोटर ने अपनी एंट्री लेवल बाइक Radeon के नए एडिशन को लॉन्च कर दिया है। TVS Radeon में कई अपडेट आए है। चलिए जानते है इन 5 खास एडिशन के बारे में।

न्यू इंस्ट्रूमेंट कंसोल (new instrument console)

बाइक में एक नया रिवर्स एलसीडी इंस्ट्रूमेंट कंसोल दिया गया है। जो इसके डिस्प्ले पर टाइम, एवरेज स्पीड, जैसी जानकारियां देता है। इसके साथ ही आपके बाइक के टॉप स्पीड के बारे में भी डिस्प्ले पर दिखाता है।TVS Radeon का रेगुलर वेरिएंट इसकी तुलना में केवल एक एनालॉग डुअल-पॉट क्लस्टर के साथ ही आता है।

TVS Ronin 225 launched: एक बिल्कुल नए लुक में लॉन्च हुई टीवीएस की यह धांसू बाइक, जानें कीमत और फीचर्स

यह भी पढ़ें

इंजन (Engine)

इस बाइक का इंजन काफी शानदार है। इसका इंजन 109.7 cc सिंगल-सिलेंडर एयर-कूल्ड BSVI se चलता है। यह अधिकतम 8.08 बीएचपी और 8.7nm पीक टॉर्क जेनरेट करता है। ये चार-स्पीड ट्रांसमिशन से जुड़ा हुआ है।

Lamborghini Aventador Ultimae Coupe ने भारत में दी दस्तक, जानें क्या है इसकी खासियत

यह भी पढ़ें

इंटेलिगो स्टार्ट स्टॉप सिस्टम (intelligo start-stop system)

अपने बाइक में TVS Radeon ने हाल ही में एक नई तकनीक को ऐड कर दिया है। इस नए स्टार्ट स्टॉप सिस्टम को ही इंटेलिगो कहते हैं। जब भी आप ट्रैफिक सिग्नल या अन्य जगहों पर अपनी बाइक को खड़ा करेंगे तो वहा ईंधन की खपत को यह सिस्टम बचाएगा।

कीमत (price)

कंपनी ने इस बाइक के कुल चार वेरिएंट को पेश किया है। इनकी कीमत इनके वेरिएंट पर ही निर्धारित है। एलसीडी क्लस्टर के साथ सिंगल-टोन ड्रम वेरिएंट की कीमत 59,925 रुपये है। वही एलसीडी क्लस्टर और इंटेलिगो फ़ंक्शन के साथ डुअल-टोन डिस्क ब्रेक वेरिएंट की कीमत 71,966 रुपये है।

भारत में लॉन्च हुई Keeway की ये पहली क्रूजर बाइक, जानें कीमत और खासियत

यह भी पढ़ें

डिजाइन (Design)

इस बाइक के डिजाइन में किसी भी तरह का कोई भी बदलाव नहीं किया गया है। 2022 TVS Radeon में एक रेट्रो-स्टाइल सिंगल-पॉड हेडलैंप है । जिसमें बॉडी कलर काउल और साइड माउंटेड एग्जॉस्ट सिस्टम है। इसके साथ ही इसमें 10 लीटर की क्षमता वाली स्लीक फ्यूल टैंक है। 18-इंच की पांच स्पोक अलॉय व्हील है।

नए रंग (Colour)

कंपनी ने अपडेटेड बाइक को कई नए रंग में उतारा है। जिसमें डुअल टोन रेड कलर और ब्लैक के साथ डुअल टोन ब्लू और ब्लैक , मेटल ब्लैक ,रॉयल पर्पल कलर भी शामिल हैं।

Edited By: **Ayushi Chaturvedi**

automobile # new car launches # tvs radeon # tvs radeon launch # tvs radeon price # tvs radeon features
Automobile

GOOGLE PLAY
APP STORE

Jagran English
Mid-Day
Health
Education
Nai Dunia
Inextlive
Her Zindagi
Radio City
Blogs

Hindi News
About us
Advertise with Us
Book Ads on Jagran
Partnership
Contact us
Sitemap
Submit your news

Mission Statement
Message from the Editor
Our Business
How our Journalists work
Corrections Policy
Coverage Priorities
Diverse Voices Statement
Diverse Staffing and Policy
Anonymous Sources Policy

Actionable Feedback
Privacy Policy
Disclaimer
This website follows the DNPA's code of conduct
For any feedback or complaint, email to compliant_gro @jagrannewmedia.com

Copyright © 2022 Jagran Prakashan
Limited.